## संक्षिप्त

### जिला कांग्रेस कमेटी में किया फेरबदल

**अलवर ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, असम व मध्य प्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशन पर और भरतपुर सांसद श्रीमती संजना जाटव की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कठूमर के पूर्व प्रधान गोपाल सिंह नरूका को उपाध्यक्ष, रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल सैनी को महासचिव, खेड़ली के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश मीणा को सचिव तथा मोहन लाल बटवाड़ा को लेखा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है और सभी को निर्देश दिया है कि वो कांग्रेस के रीति नीति एवं सिद्धांतों में पूर्ण आस्था रखते हुए जिला स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

### किसान महापंचायत की बैठक 21 को

**निवाई,(निसं)।** सोमवार को दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी के लक्ष्मी नारायण जी मंदिर में किसान महापंचायत की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिजली, पानी, खाद, फसलों का मुआवजा, सुअरो द्वारा फसलों को नुकसान व जिला स्तर पर 23 दिसंबर को आयोजित किसान दिवस की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने दी है।

### उद्घाटन समारोह 18 अक्टूबर को

**कोटपूतली,(निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोरधनपुरा में अल्ट्राटेक कम्यूनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा निर्मित सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन समारोह आगामी 18 अक्टूबर को प्रातरू 09 बजे विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच धोली देवी द्वारा की जायेगी। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अल्ट्राटेक सीमेंन्ट प्लांट के ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे, संदीप शर्मा समेत अन्य शिरकत करेगें।

### जिला प्रमुख ने सौंपा ज्ञापन

**मानपुरा माचेडा,(निसं) ।** रामपुरा डाबड़ी तहसील के ग्राम बैनांड रेलवे-स्टेशन से पूर्व की ओर जेडीए स्कीम रजत विहार तक राजस्थान सरकार के बजट घोषणा 2023-24 में बिन्दु संख्या 144 पर स्वीकृत सैक्टर रोड़ का कार्य शीघ्र शुरू करने हेतु उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने जेडीए आयुक्त को लिखित में ज्ञापन सौंपा। उप जिलाप्रमुख डागर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने इस रोड़ के लिए कुल 15 करोड़ रुपये स्वीकृत किये थे जेडीए द्वारा टेंडर प्रक्रिया अपनाकर मौके पर आधी से ज्यादा रोड का निर्माण करवा दिया है। इस रोड़ से झोटवाड़ा, लौहा मण्डी व जयपुर पश्चिम का यातायात सीकर रोड व जालसु, रामपुरा डाबड़ी तहसील की लगभग 40 ग्राम पंचायतों का जुडाव है

### पृथ्वी सिंह चौहान श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बने

**खाटूश्यामजी, (निसं) ।** श्री श्याम मंदिर कमेटी रजि के सदस्य पृथ्वी सिंह चौहान ने सर्वसम्मति से मंदिर कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया था।इसके पश्चात गुरुवार को मंदिर कमेटी में सभी ने कमेटी के सदस्य पृथ्वी सिंह चौहान को अध्यक्ष बनाया।इस अवसर पर मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान, ट्रस्टी प्रताप सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, व्यवस्थापक संतोष शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, भानूप्रकाश सरोज, विकास शर्मा सहित अनेक लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया।

### शरद पूर्णिमा के अवसर पर भजन संध्या

**शाहपुरा, (निसं) ।** शाहपुरा पुलिस थाना के पीछे गुरुवार को श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी राजेश मंडोवरा ने बताया कि शरद पूर्णिमा के पर्व पर श्री श्याम मंदिर में श्याम बाबा के खीर का भोग लगाकर भक्तों को वितिरित की गई। श्याम बाबा को विशेष पोशाक धारण करके फूलों से सजाया गया। मंडोवरा ने बताया कि स्थानीय कलाकार परमेश्वर दयाल पलसानिया, कमल ब्रह्म भट्ट, रामस्वरूप गोसाई, रामदयाल गोसाई द्वारा श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

# शरद पूर्णिमा पर डिग्गी मे उमड़ा आस्था का सैलाब, कल्याण जी ने धारण की धवल पौशाक

**मालपुरा, (निस)।** जन-जन की आस्था के केन्द्र भगवान विष्णु के अवतार डिग्गी मे विराजित कल्याण जी महाराज को पूजारी परिवार द्वारा अश्विन पूर्णिमा पर धारण करवाई धवल पौशाक। मान्यताओं के अनुसार कल्याणधणी को शरद ऋतु की धवल पौशाक धारण करवाने के साथ ही शुरू हो जाती है शरद ऋतु।

पूर्णिमा पर कल्याण जी के दर्शनो का विशेष महत्व होने के चलते गुरूवार को दर्शनो के लिये आस्था का सैलाब उमड पडा। मंगला आरती के साथ ही डिग्गी मे कल्याणजी के भक्तो का पहुंचने का क्रम शुरू हुआ जो संध्या आरती तक जारी रहा। कोढी भवन से मंदिर तक भक्तो की लगी लम्बी कतारो मे गुंजे जय श्री कल्याण जी के जयकारे। सिर पर प्रसाद का थाल व हाथ मे माला व श्रीफल लिये कल्याण भक्त दो से तीन घंटे लम्बी कतरो मे लग कल्याण जी के मनमोहक झांकी के दर्शन कर लगाई हाजरी।



शरद पूर्णिमा पर कल्याण जी के दर्शनो के लिये लगी लम्बी कतारे।

वर्ष की सबसे बडी शरद पूर्णिमा पर हजारो की संख्या मे कल्याण भक्तो के डिग्गी पहुंचने की मान्यताओं के बावजूद गुरूवार को डिग्गी थाना पुलिस की बडी लापरवाही सामने आई। सवेरे मंगला आरती से सात बजे तक कोढी भवन से मंदिर तक कैंची की तरह लगी लम्बी कतारो मे व्यवस्था के लिये ना तो पुलिस के जवान तैनात किये गये और ना ही मंदिर ट्रस्ट की और से लगाये गये निजी सुरक्षा गार्ड ऐसे मे कतारो मे लगी महिलाओ व वरिष्ठजनो को भीड मे भारी परेशानियों का सामना करना पडा। हालांकि कल्याण जी के दरबार मे इतनी भारी भीड मे किसी प्रकार की कोई चैन स्क्रेनिंग अथवा अन्य वारदात सामने नही आई। प्रदेश के सबसे बडे व प्रमुख तीर्थ स्थल पर थाना पुलिस व मंदिर ट्रस्ट की इतनी बडी लापरवाही को लेकर कल्याण भक्तो मे गहरा आक्रोश भी देखा गया।

- पूर्णिमा पर कल्याण जी के दर्शनो का विशेष महत्व होने के चलते गुरूवार को दर्शनो के लिये आस्था का सैलाब उमड पडा।

### पुलिस हैड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की स्पेशल यूनिट-द्वितीय जयपुर टीम ने गुरुवार को दौसा में कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना मानपुर जिला दौसा के पुलिस हेड कांस्टेबल अजीत सिंह जाटव को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट द्वितीय जयपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके विरूद्ध दर्ज प्रकरण में हल्की धारायें लगाने एवं आरोपितों का नाम निकालने की एवज में जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल अजीत सिंह जाटव बीस हजार रूपये की रिश्वत की मांग कर रहा है।

एसीबी की स्पेशल यूनिट द्वितीय जयपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल अजीत सिंह जाटव को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

# अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर आमजन की मदद करें : कलेक्टर

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय जनसुनवाई की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण करने के साथ संपर्क पोर्टल पर परिवादों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में 49 प्रकरण दर्ज किए गए।

जनसुनवाई में दर्ज की गई शिकायतों में प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था, खेत से रास्ता खुलवाने, सड़क बिजली कनेक्शन लगवाने, जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में पीएम किसान सम्मन निधि नहीं मिलने की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने मौके पर एलआर शाखा को निर्देश देते हुए मोके पर प्रकरण का निस्तारण करवाया।



खैरथल जिला सचिवालय पर जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए राहत दी जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप आमजन को अधिक से अधिक राहत देने के लिये सभी विभाग-अधिकारी मिलकर काम करें ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन लाभान्वित हो सके।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, सार्वजनिक निर्माण विभाग विकास यादव,सूचना एवं प्रौद्योगिकी के उपनिदेशक अजय यादव, कोष अधिकारी सुरेश बंसल, एसीएमएचओ सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर हुई त्रिस्तरीय जनसुनवाई में 49 मामले आए सामने, पीएम किसान सम्मान निधि की शिकायत को मौके पर कराया निस्तारण

## पावटा कस्बे मे अव्यवस्थित पार्किंग व जाम की समस्या से आमजन परेशान

**पावटा।** उपखंड मुयालय पावटा में अव्यवस्थित पार्किंग व जाम के कारण जाम की समस्या से निजात नहीं मिला पा रहा है। सर्विस रोड पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग व कई जगहों पर मालवाहक वाहनों एवं सवारी वाहनों के बेतरतीब खडा होने से सडकों पर वाहनों की लंबी कतार लग रही है। पावटा सीएचसी कट पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों की निगाह केवल वही तक सीमित है। जहाँ यातायात पुलिसकर्मियों को अतिथियों के रूप मे देखा जा सकता है। कस्बे में केवल एक जगह ट्रैफिक संचालन की व्यवस्था है, बाकी भगवान भरोसे है। जाम की समस्या से निजात दिलाने वाले इंतजाम की फाइल ठंडे बस्ते में है। कस्बे को जाम से निजात दिलाने की राह में अव्यवस्थित पार्किंग रोडा बन रही है। कस्बे का शायद ही कोई मार्ग हो, जहां पर अव्यवस्थित पार्किंग बनाकर वाहन न खडे हों। कस्बे में करीब दो दशकों से पार्किंग की व्यवस्था करने की तैयारी कई बार हो चुकी है, लेकिन धरातल पर पार्किंग की व्यवस्था न होने से जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने की सारी कवायद धरी की धरी रह गई है। कस्बे में लोग अपने वाहनों को सडक पर ही खडा करके खरीदारी करते हैं। कस्बे में कई जगह ऐसी हैं कि इनमें लोगों ने एक मार्ग को अपनी गाडी खडे का अड्डा बना लिया है।



अव्यवस्थित पार्किंग से वाहनों की लंबी कतार लग रही है।

जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। कस्बे के विभिन्न मार्गो पर जाम लग रहा है। पर सबसे गंभीर बात तो यह है कि इन मार्गो पर ट्रैफिक संचालन के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं है। जिसके कारण पाव टा कस्बे के मुय अंडर पास, सुभाष चौक, होली चौक, चमत्कारी चौराहा, सर्विस रोड आदि मार्गो पर जाम लगने के बाद वाहन रेंगते रहते हैं। यहां तक कि आगे निकलने की होड में खुद ही वाहन चालक जाम का कारण बन जाते हैं। इतना नहीं एक दूसरे से नोकझोंक भी कर लेते हैं। लेकिन अतिथि रूपी यातायात पुलिसकर्मीयों ने कभी भी सर्विस लाइन पर आकर जाम की समस्या से झूझ रहे वाहन चालको, राहगीरो को निजात दिलाते नजर नही आते।

## उपचुनाव को लेकर कलेक्टर ने तीन एक्साइज चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए।

**गोविंदगढ़ / अलवर।** रामगढ़ में उपचुनाव को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने 17 अक्टूबर 2024 को करीब 11:00 बजे अपनी पूरी टीम के साथ पहुंची जिसमें पुलिस व प्रशासन एवम एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला आबकारी अधिकारी अर्चना जैमन , जिला परिवहन अधिकारी सुरेश यादव ,रिटर्निंग अधिकारी रामगढ़ सुरेंद्र कुमार, गोविंदगढ़ उपखंड अधिकारी सुरेश यादव, तहसीलदार रमेश चंद खटाना, गोविंददगढ़ विकास अधिकारी पंचायत समिति गोविंदगढ़ बच्चू सिंह मीणा ,नगर पालिका गोविंदगढ़ अधिशासी अधिकारी सुमेर सिंह मीणा, मौजूद रहे गोविंदगढ़ सीकरी रोड पर तीन एक्साइज चेक पोस्ट नाके का निरीक्षण किया निरीक्षण चुनाव को मध्य नजर रखते हुए में एक्ससाइज विभाग, राजस्थान पुलिस, एवं उपखंड अधिकारी गोविंदगढ़ रामगढ़ अधिशासी अधिकारी गोविंदगढ़ विकास अधिकारी पंचायत समिति गोविंदगढ़ थाना अधिकारी नेकीराम गोविंदगढ़ पूरे मेंय जाप्ते के साथ गोविंदगढ़ सीकरी मार्ग पर गांव पागसेड़ी में चेक पोस्ट पर मौजूद रहे नाके पर कैमरे भी लगाए गए जिससे कि होने वाली गतिविधियों नजर रखी जा सके गोविंदगढ़ , अंतर राज्य चेक पोस्ट नौगांवा , दिल्ली मुंबई हाईवे शीतल चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया।

# 16 दिवसीय दशहरा महोत्सव का कवि सम्मेलन के साथ हुआ समापन

**निवाई, (निसं)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्टार कवयित्री अनामिका अम्बर के सानिध्य में अंतर्राष्ट्रीय कवियों द्वारा साहित्य, संस्कृति, श्रृंगार व देशभक्ति सहित कई हास्यप्रद कविताओं की प्रस्तुतियां दी। उप चुनाव की आचार संहिता के कारण कवि सम्मेलन 3 घंटे ही चला। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि कवि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य लोगों का मनोरंजन करना है। साथ ही उनमें देशभक्ति की भावनाओं का अनुभव



प्रताप स्टेडियम में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

कराना है। कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय स्टार कवयित्री अनामिका अम्बर ने जो दिया था जिन्ना को वह सब कुछ ले लेंगे, कश्मीर को छोडो कुछ अपना भी बचा लो तुम, जो दिल गुजरात पर आया है तो फिर लाहौर को भी ले लेंगे, अमर है युगों से वह सनातन धर्म मिट नहीं सकता, क्योंकि नई सदी को दिशा दिखाता है नवयुग नवल प्रणेता है, नए दौर का नया सिकंदर युग का नहीं विजेता है, और नहीं रहा वह भारत जो शत्रु को क्षमादान देता था, यह भारत तो घर में घुसकर अपना बदला लेता है, विष्णु शिवशंकर के प्रयासों से यह दुनिया सारी है, रामलला का जादू देखा अवधपुरी में, अब काशी में विश्वनाथ का जलवा दुनिया देखेगी, सत्य शिव है और सुंदर यह पावन धरा हमारी है, अब काशी में ज्ञानव्यापी के शिवशंभू की बारी है, भगवान श्रीराम को उनका धाम मिल गया, अब मथुरा में कृष्णजी और काशी में शिवजी की बारी है। अनामिका ने राजनैतिक दलों पर व्यंग्य करते हुए साइकिल हाथी पंजा मंजा जोर-जोर से भागे, पर बुलडोजर बाबा निकले सबसे आगे, कहीं मिला ना विरोधियों को चुल्लुभर भी पानी, बाबा जी ने याद दिला दी सबको अपनी नानी, बोलो सरर र, कैसा भी हो सतरंज सब में नीर हमारा है, तरकस बेकस तेरा हो, पर हर एक तीर हमारा है, जाकर सीमा पार तिरंगा ताल ठोक के बोलेगा, यह कश्मीर हमारा था अब वह कश्मीर भी हमारा है, खुद के खातिर जीते थे वह अब देश के लिए मरना सीख गए, मझधार में कफन बांधकर लोग उतरना सीख गए, ओर कल तक के जुगनू भी हमको झुमका देते थे।

- अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में उमड़े श्रोता,
- उप चुनाव की आचार संहिता के कारण 3 घंटे ही चला कवि सम्मेलन

## सार-समाचार

### स्कूल के बाहर लगा कचरे का ढेर



**सांभरझील ।** कटला बाजार स्थित बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की दीवार के अटैच एक दशक तक खुला कचरा डिपो से कुछ माह पहले ही रहता मिली थी कि फिर से यहां पर कचरा फेंकना शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि आसपास की गंदगी यहां फेंकी जा रही है, तो कुछ पालिका की लापरवाही से यहां कचरा एकत्रित कर दिया जाता है। हालाकी सफाई कर्मियों द्वारा कचरे को यहां से रोजाना ही हटाया जाता है लेकिन तब तक यह पूरी गंदगी स्कूल के बाहर सडक तक फेलती रहती है जहां पर आवारा जानवरों का भी जमावडा रहता है। इससे स्कूल का वातावरण भी शुद्ध नहीं रहता है। स्कूल के ठीक सामने ही यहां का सबसे बड़ा पुस्तकालय है जहां पर रोजाना स्टूडेंट अपना अध्ययन करने आते हैं। लोगों का कहना है कि पालिका को एसे इंतजाम करने चाहिए कि जो भी दोषी हो उसके विरुद्ध नगर पालिका नियमों के तहत जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई कर पाबंद किया जाना चाहिए अथवा इसमें जो भी दोषी हो उसके खिलाफ एक्शन लेना चाहिए

### पचाला चौकी का किया निरीक्षण

**उनियारा/चौरु ।** उनियारा सर्किल के नवनियुक्त पुलिस वृताधिकारी रघुवीर सिंह भाटी ने रविवार को अलीगढ़ थाना क्षेत्र की पचाला चौकी का किया आकस्मिक निरीक्षण किया।पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह भाटी ने पहला चौकी प्रभारी को चौकी पर जांच रिकॉर्ड का किया निरीक्षाण इस दौरान चौकी प्रभारी के क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं पर मुस्तैदी से रोकथाम सहित आने वाले परिवादो पर त्वरित कार्यवाही करने के दिए आवश्यक दिशा-निर्देश,हाल ही में दो दिन पूर्व ही उनियारा पुलिस उपाधीक्षक का पदभार ग्रहण किया है। रघुवीर सिंह भाटी ने नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक उनियारा सर्किल क्षेत्र के पांचो पुलिस थानों सहित पुलिस चौकियों का कर रहे हैं निरीक्षण,अवैध बजरी खनन परिवहन सहित अवैधानिक गतिविधियों पर रोकथाम के थानाधिकारियों को दे रहे हैं आवश्यक दिशा-निर्देश।

### सेवानिवृत्ति बैंककर्मियों का शहिद स्मारक पर धरना-प्रदर्शन

**जयपुर ।** सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों की शीर्ष संस्था कोआर्डिनेशन ऑफ़ बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज ऑर्गेनाइजेसन् की राजस्थान इकाई द्वारा सेवानिवृत्त बैंकर्स की विभिन्न माँगो को लेकर शहीद स्मारक पर आज गुरुवार को धरने का आयोजन किया। बड़ी संख्या में राजधानी और देश भर से सेवानिवृत्ति बैंक कर्मियों ने धरने में शिरकत की सीबीपीआरओ के संयुक्त संयोजक आर पी सक्सेना एवं नवल किशोर पारीक ने बताया कि रिटायरीज की मुख्य तथा सालों से लंबित माँग पेंशन अपडेशन की है। इसके अलावा उचित प्रीमियम पर मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा कम्युनिटेशन पेंशन की 10 वर्ष बाद पुन बहाली सेवानिवृत्ति बैंक कर्मियों को हेल्थ इंश्योरेंस हेतु भारी प्रीमियम देना पड़ रहा है। बैंक पेंशनर्स की मांग है हेल्थ इंश्योरेंस हेतु दी जाने वाली प्रीमियम बैंक द्वारा दी जानी चाहिए। सरकार व आई बी ए द्वारा बार बार आश्वासन के उपरांत भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर वरिष्ठ सेवानिवृत्ति बैंक कर्मियों को को धरने पर बैठने को मजबूर किया जा रहा है। धरने में सभी बैंकों के सेवानिवृत्त कर्मीयों ने सहभागिता निभाई। प्रदर्शनकारियों को डॉ एम एल चौधरी आरपी सक्सेना ने के पारीक रामपाल आरएस मीणा हेमेंद्र शर्मा जैन कोहली डीएन शर्मा आदि पदाधिकारीयों ने संबोधित किया। पूरे देश भर की राजधानियों में इस प्रकार के धरने प्रदर्शन हो रहे हैं आरपी सक्सेना एवं एन के परीक ने बताया अगर मांगने नहीं मानी गई तो 23 अक्टूबर दिल्ली में जंतर मंतर पर एक वृहद धरना होगा। जिसमें देश बरसे लगभग 10000 पेंशनर्स के भाग लेने की संभावना है।

### ट्रॉयल 19 को

**कोटपूतली।** राजस्थान वॉलीबॉल एशोसिएशन के बैनर तले जिला वॉलीबॉल एशोसिएशन, भीलवाड़ा के तत्वाधान में 69 वीं राजस्थान वरिष्ठ राज्य वॉलीबॉल चौम्पियनशिप (महिला एवं पुरूष) का आयोजन आगामी 24 से 27 अक्टुबर तक भीलवाड़ा में होगा। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों की टीमें भाग लेगी। कोटपूतली व बहरोड़ जिले की पुरूष व महिला टीम के चयन हेतु मुख्य चयन ट्रायल आगामी 19 अक्टुबर शनिवार को दोपहर 03 से ग्राम खड़ब स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय के खेल मैदान पर होगीं। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष रामानन्द चौधरी ने बताया कि चयन ट्रॉयल हेतु इच्छुक महिला एवं पुरूष खिलाड़ी अपने मूल दस्तावेज आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट, बैंक पास बुक व पांच पासपोर्ट साइज फोटो लेकर खेल मैदान पर पहुंचे। इस बाबत अक्षित यादव मो. नं. 8955773714 से सम्पर्क किया जा सकता है।

### डेंगू से युवती की मृत्यु

**कोटपूतली।** यहाँ के लक्ष्मी नगर स्थित राजकीय संस्कृत विधालय के पास रहने वाली एक 19 वर्षिय युवती की डेंगू से विगत सोमवार को मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती को विगत 30 अक्टूबर को बुखार होने पर राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में जाँच कराने पर प्लेटलेट्स कम आने पर दो अलग-अलग निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। डेंगू पॉजिटीव की रिपोर्ट आने पर जयपुर भर्ती कराया गया था। जहां गरिमा सैनी पुत्री लालचंद सैनी की डेंगू से मृत्यु हो गई। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र लक्ष्मी नगर में एण्टीलार्वा गतिविधियां कराने के अलावा ब्लड स्लाईड ली गई। पीडित परिवार के घर में परिजनों की जांच में दो जनों के बुखार पाये जाने पर उनकी जांच कराई गई है।

### डेंगू मरीज की एसडीपी (सिंगल प्लेटलेट्स) डोनेट कर बचाई जान

**मनोहरपुर ।** प्रदेशभर में इन दिनों डेगू ने विकराल रूप से पैर पसार रखे हैं जिसके कारण जयपुर समेत चारो तरफ अस्पताल बैड फुल देखे जा रहे हैं। इन दिनों डेगू के मरीजों के प्लेटरेट्स मिलना मुश्किल है। शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से सरिता देवी मीणा जिसको डेगू से पीडित होने पर प्लेटरेट्स 18 हजार से कम होने पर मरीज की हालात नाजुक होने की जानकारी साझा की थी। विधायक मनीष यादव की अपील पर चिमनपुरा काँलेज अध्यक्ष अनिल बुनकर ने चौमूं स्थित निजी ब्लड बैंक जाकर एसडीपी डोनेट कर मरीज को राहत प्रदान की। एसडीपी के लिए मरीज के समान ब्लड ग्रुप के डोनर का चयन किया जाता है। उसी से 300 एमएल प्लेटलेट्स निकालकर मरीज को चढ़ाई जाती हैं। एक यूनिट चढ़ाने से मरीज में 50 हजार तक प्लेटलेट्स की रेंज बढ़ती है। एसडीपी डोनेट करने पर मरीज के परिजनो समेत विधायक मनीष यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम स्थगित

**दौसा।** जिले में विधानसभा उप चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने के कारण 'राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के 'राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2०24' के तहत जिला स्तर पर प्रस्तावित एक दिवसीय जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट दौसा का आयोजन 18 अक्टूबर को प्रस्तावित था। भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार विधानसभा उप चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लगने के कारण यह कार्यक्रम आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।